कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- vyapam.cgstate.gov.in

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता (TET22) परीक्षा–2022 के ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में

ऑनलाइन फार्म भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान देवें

1. ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
2. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को समय दिया गया है । परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम. आर./OMR उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आवेदन पत्र की प्रविष्टियों के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा । त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में भेजा गया कोई भी आवेदन व्यापम द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।
3. आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी पात्रता नियमों को ध्यान से पढ़े ।
4. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।
5. व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in में ऑनलाइन फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें), साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 40 kb एवं न्यूनतम साइज 20 kb का हो, सेव कर रखें, जिसे आवेदन पत्र (फार्म) में अपलोड किया जा सके।
6. आवेदन फार्म भरने से पहले फार्म में आवश्यक जानकारियॉ एक कोरा कागज में लिख कर तैयार रखें एवं ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के बाद यह सुनिश्चित कर लेवें कि दी गई सभी जानकारियॉ सही है।
7. आपका वैध E-mail (ई मेल) आई.डी. होना आवश्यक है । अतः अपना E-mail बनाकर तैयार रखे ।
8. अन्य राज्य के अभ्यर्थी व्यापम के **Home Page** के **Check Transaction Status** में भी **Registration ID** डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति देख लें, जिससे आप सुनिश्चित हो जायें कि आपका आवेदन मय शुल्क के व्यापम में पहुॅच चुका है । इसी Registration ID नम्बर के आधार पर परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड इसी वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर परीक्षा के पूर्व लोड किये जायेंगे जिसमें से प्रिंट प्राप्त कर आप परीक्षा में शामिल हो सकेंगे ।

....